आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 01.02.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय वित्त मंत्री ने लगातार नौवां बजट पेश करते हुए खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प को सशक्त बनाने के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल शुरू करने का प्रस्ताव किया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– केंद्रीय बजट 2026–27, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहलों के लिए महत्वाकांक्षी मार्ग प्रशस्त करता है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय बजट को देश और राज्यों के विकास को नई दिशा देने के साथ ही सभी वर्गों के लिए अवसरों को बढ़ावा देने वाला बताया।
- और, मौसम विभाग ने कल उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है।

------------

**केंद्रीय बजट 2026–27**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में वित्त वर्ष–2026–27 का बजट पेश किया। यह उनका रिकॉर्ड नौवां बजट था। बजट 2026–27 विशेष रूप से क्षमता निर्माण और सुधारों पर ध्यान केन्द्रित करता है। वित्त मंत्री ने इसे युवा शक्ति संचालित बजट कहा। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत को लक्ष्य मानकर लोक निवेश पर अधिक बल देते हुए ढांचागत सुधारों, राजकोषीय वितव्ययिता और मौद्रिक स्थिरता का अनुसरण किया।

वित्त मंत्री ने छह सेक्टर में नई पहल का प्रस्ताव किया। इनमें रणनीतिक क्षेत्रों में विनिर्माण तेज करना, औद्योगिक क्षेत्रों का कायाकल्प करना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम चैंपियन उद्यमों का निर्माण करना, बुनियादी ढांचे को सशक्त करना, दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करना तथा शहर आर्थिक क्षेत्र विकसित करना शामिल हैं।

वित्त मंत्री ने भारत को एक वैश्विक जैव–औषध विनिर्माण केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए अगले पांच वर्ष में दस हजार करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव किया। इससे जैविक घरेलू उत्पादन के लिए परिवेश तैयार होगा।

**केंद्रीय बजट 2026–27**

वित्त मंत्री ने कपड़ा सेक्टर के लिए एकीकृत कार्यक्रम का प्रस्ताव किया। इनमें रेशम, ऊन और जूट जैसे प्राकृतिक फाइबर तथा मानव निर्मित फाइबर और आधुनिक फाइबर में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्रीय फाइबर योजना, पूंजीगत सहायता से पारम्परिक कलस्टरों का आधुनिकीकरण प्रस्ताव शामिल है।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को विकास का महत्वपूर्ण इंजन बताते हुए वित्त मंत्री ने चैंपियंस के रूप में इन्हें विकसित करने के लिए तीन सूत्रीय उपायों का प्रस्ताव किया। इन उपायों में इक्विटी सहायता, नकदी सहायता और पेशेवर सहायता शामिल है। वित्त मंत्री ने इन उद्यमों को प्रोत्साहित करने के लिए दस हजार करोड़ रुपये की लघु, मध्यम उद्यम विकास निधि शुरू करने का प्रस्ताव किया।

पर्यटन को बढ़ावा देने तथा अंतिम छोर और दूर–दराज के क्षेत्रों को जोड़ने के लिए वित्त मंत्री ने समुद्रीय विमान के स्वदेशी निर्माण को प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव किया। इसके लिए समुद्री विमान–वी जी एफ योजना शुरू की जाएगी।

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन, राष्ट्रीय क्वांटम मिशन, राष्ट्रीय अनुसंधान कोष तथा अनुसंधान विकास और नवाचार निधि के माध्यम से नई प्रौद्योगिकी की सहायता के लिए अनेक कदम उठाए हैं। इससे किसानों, महिलाओं, युवाओं और दिव्यांगजन के हित में विशेष अवसर उपलब्ध होंगे।

**पीएम ऑन बजट**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्रीय बजट 2026–27 मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहलों के लिए महत्वाकांक्षी मार्ग प्रशस्त करता है। वीडियो संदेश के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल का बजट भारत में परिवर्तनों को नवीन ऊर्जा और गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूत करने वाला बजट है।

श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि यह बजट 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की ऊंची उड़ान का आधार है।

प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से कहा कि यह एक अनोखा बजट है, जो राजकोषीय घाटे को कम करने और महंगाई को नियंत्रित करने पर केंद्रित है, साथ ही उच्च पूंजीगत व्यय और उच्च विकास सुनिश्चित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस बजट में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई रफ्तार देने के लिए महत्वाकांक्षी रोडमैप प्रस्तुत किया गया है।

गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय बजट 2026–2027 की सराहना करते हुए कहा कि यह भारत के "उभरते आर्थिक शक्ति–केंद्र" के रूप में नई पहचान गढ़ने का प्रतीक है और इससे देश की वैश्विक स्थिति को मजबूत करने की गति को और बल मिलेगा।

**सीएम ऑन बजट**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय बजट 2026–27 की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट देश और राज्यों के विकास को नई दिशा देने के साथ ही सभी वर्गों के लिए अवसरों को बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा

कि बजट में आर्थिक विकास तेज करने, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और सबका साथ–सबका विकास सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में पर्वतीय राज्यों की आवश्यकताओं को देखते हुए रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, उद्योग और अवसंरचना के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। श्री धामी ने कहा कि बजट में पर्यावरण–अनुकूल माउंटेन ट्रेल्स विकसित करने की योजना है। उत्तराखण्ड के परिप्रेक्ष्य में बजट ने पर्यटन और बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित किया है, जो विकास के लिए जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट न केवल देश की आर्थिक ताकत को बढ़ाएगा, बल्कि उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय राज्यों को भी समान रूप से विकास के अवसर देगा।

**हरिद्वार**

माघ पूर्णिमा पर आज धर्मनगरी हरिद्वार में हरकी पैड़ी ब्रह्म कुण्ड समेत गंगा के सभी घाटों पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। गंगा तटों परं सुबह से ही गंगा स्नान करने वालों की भीड़ उमड़ी। माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान का विशेष महत्व बताया गया है। माघ पूर्णिमा पर कई राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। पुलिस और प्रशासन की ओर से भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए थे।

मौसम

राजधानी देहरादून सहित राज्य के अन्य जिलों में आज बादल छाए रहे। देहरादून में दोपहर और शाम के समय कुछ स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। इस बीच, मौसम विभाग ने कल उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश तथा 2800 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई है। वहीं, देहरादून और नैनीताल जिलों में भी कहीं–कहीं हल्की बारिश होने की आशंका है।